परमाणु ऊर्जा विभाग में राजभाषा सम्मेलन का इतिहास

परमाणु ऊर्जा विभाग में राजभाषा सम्मेलन का इतिहास दो दशक से भी पुराना है । संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट के चौथे खण्ड में की गई संस्तुति को महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा स्वीकार कर लिये जाने के फलस्वरूप दिनांक 28.01.1992 को जारी किये गये संकल्प सं. 12019/10/91-राभा(भा) के अनुपालन में वर्ष 1993 से राजभाषा सम्मेलन का आयोजन परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न यूनिटों में लगभग प्रतिवर्ष किया जा रहा है ।

इन सम्मेलनों में जहाँ देश के ख्याति प्राप्त हिंदी साहित्यकारों, भाषाविदों आदि को आमंत्रित कर उनके व्याख्यान कराए गए वहीं विभाग में राजभाषा हिंदी का उत्कृष्ट कार्यान्वयन करने वाले कार्यालयों को तीन श्रेणियों अर्थात यूनिटों/उपक्रमों/संस्थानों को "राजभाषा शील्ड", उनके कार्यालयों द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिकाओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार में स्थाई और उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को क्रमश: "राजभाषा भूषण" और "हिंदी सेवी सम्मान" से नवाज़ा जाता है ।

परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा अब तक आयोजित किये गये अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एक दृष्टि में :

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन		**यूनिट का नाम**	**आयोजन की तिथि**
प्रथम	राजभाषा सम्मेलन	परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई	23-24 दिसंबर, 1993
द्वितीय	राजभाषा सम्मेलन	परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई	30-31 जनवरी 1996
तृतीय	राजभाषा सम्मेलन	परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई	16-17 फरवरी 1999
चतुर्थ	राजभाषा सम्मेलन	परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई	2-3 मार्च 2001
पाँचवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र, कल्पाक्कम	20-21 फरवरी 2002
छठा	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इंदौर	15-17 जनवरी 2003
सातवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद	5-6 नवंबर 2004
आठवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	तारापुर परमाणु बिजलीघर, तारापुर	31 अगस्त - 2 सितम्बर 2005
नौवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, मुंबई	26-28 अक्टूबर 2006
दसवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	यूरेनियम कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. जादूगोडा	3-5 अक्टूबर 2007

....2/-

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन		**यूनिट का नाम**	**आयोजन तिथि**
ग्यारहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	राजस्थान परमाणु बिजलीघर, रावतभाटा, कोटा	13-14 अक्टूबर 2008
बारहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केन्द्र, कोलकाता	5-6 नवंबर 2009
तेरहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	आईओपी, भुवनेश्वर	2-3 नवंबर, 2011
चौदहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	एएमडी, जयपुर	17-18 जनवरी 2011
पन्द्रहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	गणितीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई	17-18 जनवरी 2013
सोलहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	आईपीआर, गांधीनगर	29-30 जनवरी 2015
सत्रहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई	31 मई, 2016
अठ्ठारहवाँ	अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन	मद्रास परमाणु बिजलीघर, कल्पाक्कम	22 मई, 2018

उन्नीसवाँ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर में 02 फरवरी, 2019 को आयोजित किया जा रहा है ।